Adda247 GET IT ON Google Play

# प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या / Number of Pages in Booklet : **24** | |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या / Number of Questions in Booklet : **150** | |
| अवधि / Duration : **3.00** घंटे / Hours | पूर्णांक / Maximum Marks : **300** |

# 131B

प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Number

## INSTRUCTIONS

1. Please correctly fill your Roll Number in O.M.R. Sheet. Candidate will himself be responsible for filling wrong Roll No.
2. At the start of the examination, before attempting the question paper kindly check your test booklet and O.M.R. Answer Sheet and ensure that:

* The serial numbers of test booklet and O.M.R. answer sheet are same.
* All pages of test booklet and O.M.R. answer sheet are properly printed. All questions from S. No. **1** to last S. No. **150** are printed and pages from S. No. **1** to last S. No. **24** are there in the question booklet.

In case of any discrepancy/defect the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of test booklet and O.M.R answer sheet. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination. Candidate will be liable for it.

3. Answer all questions.
4. All questions carry equal marks.
5. Only one answer is to be given for each question.
6. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
7. There is no Negative marking.
8. Each question has four alternative responses marked serially as **(A), (B), (C), (D).** Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **BLUE BALL POINT PEN.**
9. Use of Mobile Phone/ Bluetooth Devices or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. If any such prohibited material is found with any candidate, strict action will be taken by the Board against him/her as per rule.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature in Hindi and English version of the question, the English version will be treated as standard.

**Warning** : If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under Section 3 of the **State Prevention of Unfair Means Act, 1992** and Board Regulations. Board may also debar him/her permanently from all future examinations of the Board.

## निर्देश

1. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नंबर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
2. प्रश्न–पत्र हल करने से पूर्व, परीक्षा प्रारम्भ होते ही प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक की भली–भाँति जाँच कर यह सुनिश्चित कर लें किः

* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के क्रमांक एक समान हैं।
* प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक के सभी पृष्ठ सही छपे हुए हैं। प्रश्न–पत्र पुस्तिका में प्रश्न सं. **1** से अन्तिम क्रमांक **150** तक सभी प्रश्न क्रमवार मुद्रित हैं एवं सभी पृष्ठ क्रमवार **1** से **24** तक मौजूद हैं।

किसी भी प्रकार की विसंगति होने या दोषपूर्ण होने पर प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक का दूसरा लिफाफा अभिजागर से प्राप्त कर लें। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट के पश्चात् ऐसी स्थिति में किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उसमें समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

3. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
4. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जावेगा।
7. ऋणात्मक अंक देय नहीं है।
8. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें क्रमशः **(A), (B), (C), (D)** अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर **नीले बॉल प्वॉइंट पेन** से गहरा करना है।
9. मोबाईल फोन/ब्लूटूथ डिवाइस अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध बोर्ड द्वारा नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
10. यदि किसी प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेज़ी रूपान्तरों में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न का अंग्रेज़ी रूपान्तरण मान्य होगा।

**चेतावनी** : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और **राज्य अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम, 1992** की धारा 3 एवं बोर्ड रेग्यूलेशन के तहत कार्यवाही की जावेगी। साथ ही बोर्ड ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली बोर्ड की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए / Do not open this test booklet until you are asked to do so.**

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

**Personalised Report Card**

**Unlimited Re-Attempt**

**600+** Exam Covered

**Previous Year Papers**

**500%** Refund

IBPS

NABARD

INDIAN RAILWAYS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

1. In which year Awadh was annexed in British Empire?
(A) 1852 (B) 1899
(C) 1766 (D) 1856

2. Which one of the following is not correctly matched?
(A) Vijay Singh Pathik – Todgarh Jail
(B) Arjun Lal Sethi – Belur Jail
(C) Kesari Singh Barhath – Hazaribagh Jail
(D) Jorawar Singh – Bareilly Jail

3. Rajasthan Mahila Parishad was founded at Udaipur in 1947 by -
(A) Aruna Roy (B) Indumati Goenka
(C) Durgawati Devi (D) Shanta Trivedi

4. Jamnalal Bajaj was the one who set up -
(A) Jaipur Prajamandal (B) Mewar Prajamandal
(C) Sikar Prajamandal (D) Marwar Prajamandal

5. From which session, Indian National Congress started to support Freedom Movement of Princely States?
(A) Nagpur (B) Haripura
(C) Amritsar (D) Lucknow

6. Who was the Viceroy of India when the British India's capital was shifted from Calcutta to Delhi?
(A) Lord Ripon (B) Lord Dalhousie
(C) Lord Harding (D) Lord Dufferin

7. Under the leadership of which leaders was the Kheda Peasant Movement headed?
(A) Gandhiji and Vallabh Bhai Patel
(B) Vallabh Bhai Patel and Vasudev Balwant Phadke
(C) Gandhiji and Vijay Singh Pathik
(D) Sitaram Das and Vijay Singh Pathik

8. In which language was the first issue of journal 'Ghadar' published?
(A) Urdu (B) Marathi
(C) Punjabi (D) Gujarati

1. किस वर्ष अवध का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ?
(A) 1852 (B) 1899
(C) 1766 (D) 1856

2. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?
(A) विजय सिंह पथिक – टॉडगढ़ जेल
(B) अर्जुनलाल सेठी – बेलूर जेल
(C) केसरी सिंह बारहठ – हज़ारीबाग जेल
(D) जोरावर सिंह – बरेली जेल

3. राजस्थान महिला परिषद की स्थापना, उदयपुर में 1947 में, किसके द्वारा हुई थी?
(A) अरुणा राय (B) इंदुमती गोयनका
(C) दुर्गावती देवी (D) शांता त्रिवेदी

4. जमनालाल बजाज ने स्थापना की थी –
(A) जयपुर प्रजामंडल (B) मेवाड़ प्रजामंडल
(C) सीकर प्रजामंडल (D) मारवाड़ प्रजामंडल

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने, किस अधिवेशन से देशी रियासतों के स्वतंत्रता आंदोलन को समर्थन देना प्रारंभ किया?
(A) नागपुर (B) हरिपुरा
(C) अमृतसर (D) लखनऊ

6. ब्रिटिश भारत की राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किए जाने के समय भारत का वायसराय कौन था?
(A) लॉर्ड रिपन (B) लॉर्ड डलहौज़ी
(C) लॉर्ड हार्डिंग (D) लॉर्ड डफरिन

7. खेड़ा किसान आंदोलन किन नेताओं के नेतृत्व में हुआ था?
(A) गांधीजी और वल्लभ भाई पटेल
(B) वल्लभ भाई पटेल और वासुदेव बलवंत फड़के
(C) गांधीजी और विजय सिंह पथिक
(D) सीताराम दास और विजय सिंह पथिक

8. 'ग़दर' जर्नल का पहला अंक किस भाषा में प्रकाशित हुआ था?
(A) उर्दू (B) मराठी
(C) पंजाबी (D) गुजराती

9. In which Act, provision was made for the appointment of an Indian member in the Governor General's Council of India for the first time?
(A) Indian Council Act - 1919
(B) Indian Council Act - 1909
(C) Indian Council Act - 1861
(D) Indian Council Act - 1896

10. With the efforts of which of the following, the 'Age of Consent Bill' (1891) was passed?
(A) B.M. Malabari (B) Bal Gangadhar Tilak
(C) Harbilas Sharda (D) Mahadev Govind Ranade

11. Where did Thakur Khushal Singh lead the rebels, during the Revolt of 1857?
(A) Kota (B) Nasirabad
(C) Aauwa (D) Erinpura

12. Who wrote the 'Early Chauhan Dynasties'?
(A) G.A. Grierson (B) Dasharatha Sharma
(C) G.H. Ojha (D) G.N. Sharma

13. Who among the following famous saints, was born in Alwar district of Mewat region?
(A) Sunderdas (B) Garibdas
(C) Laldas (D) Hariramdas

14. 'Ijlaas Khas' was established by -
(A) Maharaja Banne Singh (B) Maharaja Ajeet Singh
(C) Maharana Sajjan Singh (D) Rana Bhagwant Singh

15. Match the following –

| Handicraft Product | Place |
|---|---|
| (1) Badla | (i) Jaipur |
| (2) Namda | (ii) Leta |
| (3) Paw Quilt | (iii) Jodhpur |
| (4) Khesala | (iv) Tonk |

Code -
(A) 1-iii, 2-iv, 3-i, 4-ii (B) 1-iv, 2-iii, 3-i, 4-ii
(C) 1-iii, 2-iv, 3-ii, 4-i (D) 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i

16. Which Ruler of Marwar did not accept the suzerainty of the Mughals?
(A) Udai Singh (B) Ajeet Singh
(C) Rao Chandrasen (D) Rao Amar Singh

9. भारत के गवर्नर जनरल की परिषद में, प्रथम बार एक भारतीय सदस्य की नियुक्ति का प्रावधान किस अधिनियम में किया गया?
(A) भारतीय परिषद अधिनियम – 1919
(B) भारतीय परिषद अधिनियम – 1909
(C) भारतीय परिषद अधिनियम – 1861
(D) भारतीय परिषद अधिनियम – 1896

10. निम्नलिखित में से किसके प्रयासों से 'एज ऑफ कन्सेन्ट बिल' (1891) पारित हुआ?
(A) बी.एम. मालाबारी (B) बाल गंगाधर तिलक
(C) हरविलास शारदा (D) महादेव गोविन्द रानाडे

11. 1857 के विद्रोह के समय, ठाकुर कुशाल सिंह ने किस जगह विद्रोहियों का नेतृत्व किया?
(A) कोटा (B) नसीराबाद
(C) आउवा (D) एरिनपुरा

12. 'अर्ली चौहान डाइनेस्टीज़' के लेखक हैं –
(A) जी.ए. ग्रियर्सन (B) दशरथ शर्मा
(C) जी.एच. ओझा (D) जी.एन. शर्मा

13. मेवात क्षेत्र के अलवर जिले में, जन्म लेने वाले प्रसिद्ध संत थे –
(A) सुन्दरदास (B) गरीबदास
(C) लालदास (D) हरिरामदास

14. 'इजलास खास' का गठन किया था –
(A) महाराजा बन्ने सिंह ने (B) महाराजा अजीत सिंह ने
(C) महाराणा सज्जन सिंह ने (D) राणा भगवन्त सिंह ने

15. सुमेलित कीजिए –

| हस्तशिल्प उत्पाद | स्थान |
|---|---|
| (1) बादला | (i) जयपुर |
| (2) नमदा | (ii) लेटा |
| (3) पाव रजाई | (iii) जोधपुर |
| (4) खेसला | (iv) टोंक |

कूट –
(A) 1-iii, 2-iv, 3-i, 4-ii (B) 1-iv, 2-iii, 3-i, 4-ii
(C) 1-iii, 2-iv, 3-ii, 4-i (D) 1-iv, 2-iii, 3-ii, 4-i

16. मारवाड़ के किस शासक ने, मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं की थी?
(A) उदय सिंह (B) अजीत सिंह
(C) राव चन्द्रसेन (D) राव अमर सिंह

17. Sitaram Lalas was associated with -
(A) Rajasthani Dances (B) Rajasthani Dictionary
(C) Rajasthani Folk life (D) Rajasthani Folk art

18. Who is the Kuldevi of Bhati dynasty of Jaisalmer?
(A) Latiyal Mata (B) Tanotiya Mata
(C) Avari Mata (D) Swangiya Mata

19. Who was the last official ruler of Princely state of Bundi?
(A) Maharao Raja Ram Singh (B) Maharao Raja Bahadur Singh
(C) Maharao Raja Raghubir Singh (D) Maharao Raja Ishwari Singh

20. Where is Haridev Joshi Journalism and Mass Communication University located?
(A) Banswara (B) Udaipur
(C) Jaipur (D) Alwar

21. The main temple of which folk deity is situated in Bengti village (Phalodi)?
(A) Tallinath Ji (B) Hadbu Ji
(C) Pabu Ji (D) Mallinath Ji

22. In which district of Rajasthan the famous Gurudwara Buddha Johad is located?
(A) Jaipur (B) Sri Ganganagar
(C) Ajmer (D) Kota

23. What is the name of the picture of Lok Devi made by Bhils, on the wall of the house at the time of girl's marriage?
(A) Tehnisha (B) Mandana
(C) Phad (D) Bharadi

24. The memorial of which of the following is built on the platform built near 'Padan pol', the first gate of the Chittorgarh fort?
(A) Jaymal Rathore (B) Patta Sisodiya
(C) Kalla Rathore (D) Rawat Bagh Singh

17. सीताराम लालस का सम्बन्ध रहा है –
(A) राजस्थानी नृत्यों से (B) राजस्थानी शब्दकोश से
(C) राजस्थानी लोकजीवन से (D) राजस्थानी लोककला से

18. जैसलमेर के भाटी राजवंश की कुलदेवी कौन हैं?
(A) लटियाल माता (B) तनोटिया माता
(C) आवरी माता (D) स्वांगिया माता

19. बूंदी रियासत के अंतिम आधिकारिक शासक कौन थे?
(A) महाराव राजा राम सिंह (B) महाराव राजा बहादुर सिंह
(C) महाराव राजा रघुबीर सिंह (D) महाराव राजा ईश्वरी सिंह

20. हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?
(A) बांसवाड़ा में (B) उदयपुर में
(C) जयपुर में (D) अलवर में

21. बेंगती गाँव (फलौदी) में किस लोक देवता का मुख्य मन्दिर स्थित है?
(A) तल्लीनाथजी (B) हड़बूजी
(C) पाबूजी (D) मल्लीनाथजी

22. गुरुद्वारा बुद्ध जौहड़ राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?
(A) जयपुर (B) श्री गंगानगर
(C) अजमेर (D) कोटा

23. भीलों द्वारा, लड़की के विवाह के समय घर की दीवार पर बनाये जाने वाले लोक देवी के चित्र को क्या कहा जाता है?
(A) तहनिशा (B) मांडना
(C) फड़ (D) भराड़ी

24. चित्तौड़गढ़ दुर्ग के प्रथम द्वार 'पाडन पोल' के पास बने चबूतरे पर निम्न में से किसका स्मारक बना हुआ है?
(A) जयमल राठौड़ (B) पत्ता सिसोदिया
(C) कल्ला राठौड़ (D) रावत बाघ सिंह

**25.** Match the List–I with List–II and select the right choice with the help of code given below –

| List–I | List–II |
|---|---|
| (a) Govind | (i) Devmurti Prakaran |
| (b) Natha | (ii) Dwar Deepika |
| (c) Mandan | (iii) Vastumanjari |
| (d) Kumbha | (iv) Sangeetraj |

Code -

**(A)** (a)-ii, (b)-iii, (c)-i, (d)-iv

**(B)** (a)-iv, (b)-ii, (c)-iii, (d)-i

**(C)** (a)-iii, (b)-ii, (c)-i, (d)-iv

**(D)** (a)-iii, (b)-ii, (c)-iv, (d)-i

**26.** Which musical instrument is used during the recital of folktale 'Devnarayanji ki phad'?

**(A)** Manjira **(B)** Chang

**(C)** Jantar **(D)** Khadtal

**27.** The tradition of Rajasthan, in which folk drama is performed by the women of the house after the groom's procession leaves the house, is called -

**(A)** Swang **(B)** Khayal

**(C)** Tutiya **(D)** Rammat

**28.** Which Sabha was founded by Swami Gopaldas in Churu, in 1907?

**(A)** Bal Bharat Sabha **(B)** Desh Hiteshini Sabha

**(C)** Sarvhitkarini Sabha **(D)** Paropkarini Sabha

**29.** Who was famous as poet and painter Nagari Das?

**(A)** Krishnadev **(B)** Raja Sawant Singh

**(C)** Vrindavandas **(D)** Rana Kumbha

**30.** Jaydayal Soni and Chetram are related to -

**(A)** Turra Kalangi Khayal **(B)** Jaipuri Khayal

**(C)** Shekhawati Khayal **(D)** Hela Khayal

**31.** With which art is Kripal Singh Shekhawat related?

**(A)** Thewa Art **(B)** Kundan Art

**(C)** Terracotta **(D)** Blue Pottery

**25.** सूची–I का सूची–II से मिलान कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए –

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) गोविन्द | (i) देवमूर्ति प्रकरण |
| (b) नाथा | (ii) द्वार दीपिका |
| (c) मण्डन | (iii) वास्तुमंजरी |
| (d) कुम्भा | (iv) संगीतराज |

कूट –

**(A)** (a)-ii, (b)-iii, (c)-i, (d)-iv

**(B)** (a)-iv, (b)-ii, (c)-iii, (d)-i

**(C)** (a)-iii, (b)-ii, (c)-i, (d)-iv

**(D)** (a)-iii, (b)-ii, (c)-iv, (d)-i

**26.** लोक–कथा 'देवनारायण जी की फड़' के गायन में कौन–सा वाद्य यन्त्र प्रयोग में लाया जाता है?

**(A)** मंजीरा **(B)** चंग

**(C)** जन्तर **(D)** खड़ताल

**27.** राजस्थान की वह परम्परा, जिसमें दूल्हे की बारात के घर से चले जाने के बाद घर की स्त्रियों द्वारा लोक नाट्य किया जाता है, कहलाता है –

**(A)** स्वांग **(B)** ख्याल

**(C)** टूटिया **(D)** रम्मत

**28.** सन् 1907 में, चूरू में स्वामी गोपालदास ने किस सभा की स्थापना की थी?

**(A)** बाल भारत सभा **(B)** देश हितैषिणी सभा

**(C)** सर्वहितकारिणी सभा **(D)** परोपकारिणी सभा

**29.** कवि एवं चित्रकार नागरीदास के रूप में कौन प्रसिद्ध था?

**(A)** कृष्णदेव **(B)** राजा सावन्त सिंह

**(C)** वृन्दावनदास **(D)** राणा कुम्भा

**30.** जयदयाल सोनी और चेतराम संबंधित हैं –

**(A)** तुर्रा कलंगी ख्याल से **(B)** जयपुरी ख्याल से

**(C)** शेखावाटी ख्याल से **(D)** हेला ख्याल से

**31.** कृपाल सिंह शेखावत का सम्बन्ध किस कला से है?

**(A)** थेवा कला **(B)** कुन्दन कला

**(C)** टेराकोटा **(D)** ब्लू पॉटरी

**32.** Which of the following (Battle - Year) is not correctly matched?
(A) Battle of Khatoli - 1517
(B) Battle of Khanwa - 1527
(C) Battle of Sammel - 1562
(D) Battle of Harmada - 1557

**33.** From which of the following archaeological sites, the coins of the Greek ruler Menander have been found?
(A) Balathal
(B) Ganeshwar
(C) Bairath
(D) Ahad

**34.** Who is the writer of 'Futuhat–I–Alamgiri'?
(A) Firoz Shah Tughlaq
(B) Ishwardas Nagar
(C) Aurangzeb
(D) Dara Shikoh

**35.** Who was the founder of the Rajasthan School of Arts?
(A) Sawai Jai Singh
(B) Maharaja Sawai Ram Singh II
(C) Man Singh I
(D) Mirza Raja Jai Singh

**36.** The south-west monsoon starts retreating from Punjab plains by -
(A) Mid-July
(B) Mid-October
(C) Mid-September
(D) December

**37.** The Prime Meridian of India do not pass through which of the following state?
(A) Uttar Pradesh
(B) Madhya Pradesh
(C) Chhattisgarh
(D) Tamil Nadu

**38.** Which one of the following is not matched correctly?
(A) Mango Showers - Tamil Nadu
(B) Cherry Blossom - Karnataka
(C) Nor'westers - West Bengal
(D) Bardoli Chheerha - Kerala

**39.** The Iron Steel Industry centre located near coalfields is -
(A) Bhadrawati
(B) Bokaro
(C) Jamshedpur
(D) Salem

**40.** Which among the following (Crop – Producing State) is not correctly matched?
(A) Rice - West Bengal
(B) Wheat - Uttar Pradesh
(C) Tea - Gujarat
(D) Jute - Assam

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा (युद्ध – वर्ष) सही सुमेलित नहीं है?
(A) खातौली का युद्ध – 1517
(B) खानवा का युद्ध – 1527
(C) सामेल का युद्ध – 1562
(D) हरमाड़ा का युद्ध – 1557

**33.** निम्नलिखित में से किस पुरातात्विक स्थल से, यूनानी शासक मीनांडर की मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं?
(A) बालाथल
(B) गणेश्वर
(C) बैराठ
(D) आहड़

**34.** 'फतुहात–ए–आलमगीरी' के लेखक कौन हैं?
(A) फिरोज़ शाह तुगलक
(B) ईश्वरदास नागर
(C) औरंगज़ेब
(D) दारा शिकोह

**35.** राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स की स्थापना किसने की?
(A) सवाई जय सिंह
(B) महाराजा सवाई राम सिंह II
(C) मानसिंह I
(D) मिर्ज़ा राजा जय सिंह

**36.** पंजाब के मैदानी इलाकों से मानसून पीछे हटने लगता है –
(A) मध्य–जुलाई में
(B) मध्य–अक्टूबर में
(C) मध्य–सितंबर में
(D) दिसंबर में

**37.** भारत का प्रधान देशान्तर निम्नलिखित में से किस राज्य से नहीं गुजरता है?
(A) उत्तरप्रदेश
(B) मध्यप्रदेश
(C) छत्तीसगढ़
(D) तमिलनाडु

**38.** निम्नलिखित में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(A) मैंगो शावर्स – तमिलनाडु
(B) चेरी ब्लॉसम – कर्नाटक
(C) नॉर्वेस्टर्स – पश्चिमी बंगाल
(D) बारदोली छीड़ा – केरल

**39.** कोयला क्षेत्र के पास स्थित लौह इस्पात उद्योग केन्द्र है –
(A) भद्रावती
(B) बोकारो
(C) जमशेदपुर
(D) सेलम

**40.** निम्न में से कौन–सा (फसल – उत्पादक राज्य) सही सुमेलित नहीं है?
(A) चावल – पश्चिम बंगाल
(B) गेहूँ – उत्तरप्रदेश
(C) चाय – गुजरात
(D) जूट – असम

41. The Kailash Range is part of -
(A) The Great Himalaya (B) The Lesser Himalaya
(C) The Shivalik (D) The Trans-Himalaya

42. The Clouded Leopard National Park, is situated in which of the following state?
(A) Madhya Pradesh (B) Tripura
(C) Assam (D) Himachal Pradesh

43. The Sundari and Mangrove tree are found in -
(A) Semi desert forests (B) Tidal forests
(C) Tropical evergreen forests (D) Monsoon forests

44. Balaghat, Chhindwara and Jhabua districts of Madhya Pradesh are known for the production of which of the following minerals?
(A) Copper (B) Manganese
(C) Mica (D) Bauxite

45. Which one of the following (Lake – State) is not correctly matched?
(A) Lonar - Maharashtra (B) Chilka - Odisha
(C) Pulicat - Karnataka (D) Bhimtal - Uttarakhand

46. What is the decadal growth rate of population in Rajasthan according to Census 2011?
(A) 32.97% (B) 28.44%
(C) 28.41% (D) 21.31%

47. Which one of the following (Lift Canal - Beneficiary Districts) is not matched correctly?
(A) Kunwarsen - Ganganagar, Bikaner
(B) Kumbharam Arya - Jaisalmer, Barmer
(C) Dr. Karni - Bikaner, Jodhpur
(D) Jai Narayan Vyas - Jaisalmer, Jodhpur

48. Which of the following sand dunes, develop in the parallel direction to the prevailing wind?
(A) Seif (B) Parabolic
(C) Barkhan (D) Transverse

49. The Kalaguman and Tikhi area is known for the production of -
(A) Garnet (B) Emerald
(C) Calcite (D) Soapstone

41. कैलाश श्रृंखला हिस्सा है –
(A) महान हिमालय का (B) लघु हिमालय का
(C) शिवालिक का (D) ट्रान्स–हिमालय का

42. धूमिल तेंदुआ राष्ट्रीय उद्यान, निम्न में से किस राज्य में स्थित है?
(A) मध्यप्रदेश (B) त्रिपुरा
(C) असम (D) हिमाचल प्रदेश

43. सुन्दरी और मैंग्रोव वृक्ष पाये जाते हैं –
(A) अर्द्ध शुष्क वनों में (B) ज्वारीय वनों में
(C) उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वनों में (D) मानसूनी वनों में

44. मध्यप्रदेश के बालाघाट, छिंदवाड़ा और झाबुआ जिले निम्नलिखित में से किस खनिज के उत्पादन हेतु जाने जाते हैं?
(A) ताँबा (B) मैंगनीज
(C) अभ्रक (D) बॉक्साइट

45. निम्नलिखित में से कौन सा (झील – राज्य) सुमेलित नहीं है?
(A) लोनार – महाराष्ट्र (B) चिल्का – ओडिशा
(C) पुलीकट – कर्नाटक (D) भीमताल – उत्तराखण्ड

46. जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में जनसंख्या की दशकीय वृद्धि दर क्या थी?
(A) 32.97% (B) 28.44%
(C) 28.41% (D) 21.31%

47. निम्नलिखित में से कौन सा (लिफ्ट नहर – लाभान्वित जिले) सुमेलित नहीं है?
(A) कुंवरसेन – गंगानगर, बीकानेर
(B) कुम्भाराम आर्य – जैसलमेर, बाड़मेर
(C) डॉ. करणी – बीकानेर, जोधपुर
(D) जय नारायण व्यास – जैसलमेर, जोधपुर

48. निम्नलिखित में से कौन से बालुका स्तूप, प्रचलित पवन की दिशा के सामान्तर विकसित होते हैं?
(A) सीफ (B) पैराबोलिक
(C) बरखान (D) अनुप्रस्थ

49. कालागुमान और तीखी क्षेत्र ............................ उत्पादन हेतु जाने जाते हैं।
(A) गार्नेट के (B) पन्ना के
(C) कैल्साइट के (D) घीया पत्थर के

Adda247
GET IT ON Google Play

**50.** Rajasthan's only terrestrial Meteorite Impact Crater (MIC) is located at -

**(A)** Ramgarh, Baran **(B)** Ramgarh, Alwar

**(C)** Ramgarh, Jhunjhunu **(D)** Ramgarh, Sikar

**51.** Which one of the following (Wildlife Sanctuary - District) is not correctly matched?

**(A)** Sorsan - Baran **(B)** Van Vihar - Dholpur

**(C)** Band Baretha - Bharatpur **(D)** Kesarbagh - Udaipur

**52.** According to Koppen's classification, Jalore, Sikar, Nagaur and Jhunjhunu are included in which of the following climatic region?

**(A)** Bwhw **(B)** Bshw

**(C)** Bwkw **(D)** Bskw

**53.** Arrange the following Mountain peaks of Rajasthan in descending order according to their height -

**(A)** Sajjangarh – Lilagarh – Raghunathgarh – Jarga

**(B)** Jarga – Raghunathgarh – Sajjangarh – Lilagarh

**(C)** Jarga – Lilagarh – Sajjangarh – Raghunathgarh

**(D)** Raghunathgarh – Jarga – Lilagarh – Sajjangarh

**54.** Which one of the following districts has received abnormal (60% higher than normal) rainfall, during monsoon 2021?

**(A)** Banswara **(B)** Sikar

**(C)** Churu **(D)** Barmer

**55.** The Alfisols soil is found in -

**(A)** Jaipur, Dausa, Alwar **(B)** Kota, Baran, Bundi

**(C)** Sirohi, Pali **(D)** Jaisalmer, Barmer

**56.** Which of the following district holds the maximum reserve forest area?

**(A)** Sirohi **(B)** Udaipur

**(C)** Karauli **(D)** Baran

**57.** 'Dohad Yellow' is improved variety of which crop?

**(A)** Sugarcane **(B)** Gram

**(C)** Wheat **(D)** Groundnut

**50.** राजस्थान का एकमात्र स्थलीय उल्कापिंड प्रहार क्रेटर (एम.आई.सी.) स्थित है –

**(A)** रामगढ़, बारां **(B)** रामगढ़, अलवर

**(C)** रामगढ़, झुंझुनू **(D)** रामगढ़, सीकर

**51.** निम्नलिखित में से कौन सा (वन्यजीव अभ्यारण्य – जिला) सुमेलित नहीं है?

**(A)** सोरसन – बारां **(B)** वन विहार – धौलपुर

**(C)** बन्ध बारेठा – भरतपुर **(D)** केसर बाग – उदयपुर

**52.** कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, जालौर, सीकर, नागौर और झुन्झुनू निम्नलिखित में से किस जलवायु प्रदेश में शामिल हैं?

**(A)** Bwhw **(B)** Bshw

**(C)** Bwkw **(D)** Bskw

**53.** राजस्थान की निम्नलिखित पर्वत चोटियों को ऊँचाई के अनुसार अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए –

**(A)** सज्जनगढ़ – लीलागढ़ – रघुनाथगढ़ – जरगा

**(B)** जरगा – रघुनाथगढ़ – सज्जनगढ़ – लीलागढ़

**(C)** जरगा – लीलागढ़ – सज्जनगढ़ – रघुनाथगढ़

**(D)** रघुनाथगढ़ – जरगा – लीलागढ़ – सज्जनगढ़

**54.** मानसून 2021 के दौरान, निम्न में से किस जिले में असामान्य (सामान्य से 60% ज्यादा) वर्षा हुई?

**(A)** बांसवाड़ा **(B)** सीकर

**(C)** चूरू **(D)** बाड़मेर

**55.** अल्फीसोल्स मृदा पायी जाती है –

**(A)** जयपुर, दौसा, अलवर में **(B)** कोटा, बारां, बूंदी में

**(C)** सिरोही, पाली में **(D)** जैसलमेर, बाड़मेर में

**56.** निम्नलिखित में से किस जिले में अधिकतम आरक्षित वन क्षेत्र है?

**(A)** सिरोही **(B)** उदयपुर

**(C)** करौली **(D)** बारां

**57.** 'दोहद येलो' किस फसल की उन्नत किस्म है?

**(A)** गन्ना **(B)** चना

**(C)** गेहूँ **(D)** मूँगफली

**58.** As per Census – 2011, in which districts the percentage of Scheduled Tribes in total population is found least in Rajasthan?
(A) Bikaner and Ajmer (B) Nagaur and Churu
(C) Bikaner and Nagaur (D) Churu and Ganganagar

**59.** Which one of the following districts, is the largest producer of feldspar in Rajasthan?
(A) Ajmer (B) Nagaur
(C) Pali (D) Rajsamand

**60.** Which one of the following rivers is an example of superimposed river?
(A) Ghaggar (B) Mahi
(C) Banas (D) Jakham

**61.** Read the statements carefully -
I. The Advocate General Office of Rajasthan came into existence on the formation of the State of Rajasthan as per the State Reorganisation Act, 1956.
II. G.C. Kasliwal became the first Advocate General for the State of Rajasthan.
Which of the following option is correct?
(A) Only statement I is correct
(B) Only statement II is correct
(C) Both statements I and II are correct
(D) Both statements I and II are incorrect

**62.** For how many months can a person remain a Minister in Rajasthan, without being a member of the Rajasthan Legislative Assembly?
(A) 3 months (B) 4 months
(C) 6 months (D) 12 months

**63.** Which one is not correct about the Emergency Provisions?
(A) Under Article 352, Emergency can be announced only on written advice by the Cabinet.
(B) President rule can be imposed in any state for maximum 3 years.
(C) President rule has been imposed in Rajasthan state 4 times.
(D) The term 'Armed rebellion' was inserted into the Constitution by the 42nd Amendment.

**58.** जनगणना–2011 के अनुसार, राजस्थान के किन जिलों में अनुसूचित जनजाति का जिले की कुल जनसंख्या में प्रतिशत सबसे कम पाया गया है?
(A) बीकानेर और अजमेर (B) नागौर और चूरू
(C) बीकानेर और नागौर (D) चूरू और गंगानगर

**59.** निम्नलिखित में से कौन सा जिला, राजस्थान का अधिकतम फैल्सपार उत्पादक है?
(A) अजमेर (B) नागौर
(C) पाली (D) राजसमंद

**60.** निम्नलिखित नदियों में से कौन अध्यारोपित नदी का उदाहरण है?
(A) घग्गर (B) माही
(C) बनास (D) जाख़म

**61.** कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए –
I. राजस्थान का महाधिवक्ता कार्यालय, राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 के अनुसार, राजस्थान राज्य के गठन पर अस्तित्व में आया।
II. जी.सी. कासलीवाल राजस्थान राज्य के प्रथम महाधिवक्ता बने।
निम्न में से कौनसा विकल्प सही है?
(A) केवल कथन I सही है
(B) केवल कथन II सही है
(C) I व II दोनों कथन सही हैं
(D) I व II दोनों कथन गलत हैं

**62.** राजस्थान विधानसभा का सदस्य रहे बिना, कोई व्यक्ति कितने महीने तक राजस्थान में मंत्री पद पर रह सकता है?
(A) तीन महीने (B) चार महीने
(C) छः महीने (D) बारह महीने

**63.** आपातकालीन प्रावधानों के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सत्य नहीं है?
(A) अनुच्छेद 352 के तहत, आपातकाल मंत्रिमंडल की लिखित सहमति के आधार पर ही लाया जा सकता है।
(B) राष्ट्रपति शासन किसी राज्य में अधिकतम 3 वर्षों तक लागू रह सकता है।
(C) राष्ट्रपति शासन राजस्थान राज्य में 4 बार लागू रहा।
(D) 42वें संशोधन द्वारा संविधान में 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द जोड़ा गया।

64. What is the new name of 'Atal Seva Kendra'?
(A) Jan Suvidha Kendra (B) Gram Suvidha Kendra
(C) Gram Vikas Kendra (D) Rajiv Gandhi Seva Kendra

65. At present the number of Judges in the Rajasthan High Court is -
(A) 30 (B) 40
(C) 50 (D) 60

66. Rajasthan Government has increased the MLA fund for the Financial Year 2021-22, under the MLA Local Area Development Scheme upto -
(A) ₹ 3 Crore (B) ₹ 4 Crore
(C) ₹ 5 Crore (D) ₹ 10 Crore

67. Before becoming the Chief Justice of the Rajasthan High Court, Justice Pankaj Mithal was the Chief Justice of -
(A) Patna High Court (B) Madras High Court
(C) Gujarat High Court (D) Jammu and Kashmir High Court

68. Choose the wrong pair (State Name - Number of Members of Legislative Assembly) from the following –
(A) Manipur - 60 (B) Meghalaya - 50
(C) Mizoram - 40 (D) Sikkim - 32

69. Which of the following statement is incorrect?
(A) Part VI of the Constitution contains Article 152 to Article 237.
(B) Part VI mainly focuses on the State Government.
(C) Part VI is further divided into six chapters.
(D) Part VII of the Constitution deals with the Union territory.

70. Which Article provides a Uniform Civil Code for the citizens?
(A) Article 42 (B) Article 44
(C) Article 43 (D) Article 45

71. When was the Wealth Tax first introduced in India?
(A) 1991 (B) 1948
(C) 1976 (D) 1957

64. 'अटल सेवा केन्द्र' को नया नाम क्या दिया गया है?
(A) जन सुविधा केन्द्र (B) ग्राम सुविधा केन्द्र
(C) ग्राम विकास केन्द्र (D) राजीव गांधी सेवा केन्द्र

65. वर्तमान में राजस्थान उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या है –
(A) 30 (B) 40
(C) 50 (D) 60

66. राजस्थान सरकार ने विधायक क्षेत्रीय विकास योजना में 2021-22 के लिये, विधायक निधि बढ़ाकर कर दी है –
(A) 3 करोड़ ₹ (B) 4 करोड़ ₹
(C) 5 करोड़ ₹ (D) 10 करोड़ ₹

67. राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बनने से पहले, जस्टिस पंकज मिथल कहाँ के मुख्य न्यायाधीश थे?
(A) पटना उच्च न्यायालय (B) मद्रास उच्च न्यायालय
(C) गुजरात उच्च न्यायालय (D) जम्मू–कश्मीर उच्च न्यायालय

68. निम्नलिखित में गलत युग्म (राज्य का नाम – विधानसभा सदस्यों की संख्या) को चुनिए –
(A) मणिपुर – 60 (B) मेघालय – 50
(C) मिज़ोरम – 40 (D) सिक्किम – 32

69. निम्न में से कौनसा कथन गलत है?
(A) संविधान के भाग VI में, अनुच्छेद 152 से अनुच्छेद 237 शामिल हैं।
(B) भाग VI मुख्य रूप से राज्य सरकार पर केन्द्रित है।
(C) भाग VI आगे छः अध्यायों में विभक्त है।
(D) भाग VII केन्द्रशासित प्रदेश से संबंधित है।

70. कौनसा अनुच्छेद नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता का उपबंध करता है?
(A) अनुच्छेद 42 (B) अनुच्छेद 44
(C) अनुच्छेद 43 (D) अनुच्छेद 45

71. भारत में पहली बार संपत्ति कर कब पेश किया गया था?
(A) 1991 (B) 1948
(C) 1976 (D) 1957

**72.** The base year for the current series of National Income Accounting -

**(A)** CSO has changed from 2004-05 to 2011-12

**(B)** CSO has changed from 2005-06 to 2011-12

**(C)** RBI has changed from 1999-2000 to 2004-05

**(D)** RBI has changed from 2004-05 to 2011-12

**72.** राष्ट्रीय आय लेखा का वर्तमान आधार वर्ष –

**(A)** सी.एस.ओ. ने 2004-05 से बदलकर 2011-12 कर दिया है

**(B)** सी.एस.ओ. ने 2005-06 से बदलकर 2011-12 कर दिया है

**(C)** आर.बी.आई. ने 1999-2000 से बदलकर 2004-05 कर दिया है

**(D)** आर.बी.आई. ने 2004-05 से बदलकर 2011-12 कर दिया है

**73.** The core concept of the Eleventh Five Year Plan was -

**(A)** Growth with social justice and equality

**(B)** Human resource development

**(C)** Human well being

**(D)** Faster and more inclusive growth

**73.** ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की मूल अवधारणा थी –

**(A)** सामाजिक न्याय और समानता के साथ विकास

**(B)** मानव संसाधन विकास

**(C)** मानव भलाई

**(D)** तेज और अधिक समावेशी विकास

**74.** Which of the following is a most likely consequence of implementing the 'Unified Payments Interface (UPI)'?

**(A)** FDI inflows will drastically increase.

**(B)** Mobile wallets will not be necessary for online payments.

**(C)** Direct transfer of subsidies to poor people will become very effective.

**(D)** Digital currency will totally replace the physical currency in about two decades.

**74.** निम्नलिखित में से कौन 'एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यू.पी.आई.)' को लागू करने का सबसे संभावित परिणाम है?

**(A)** एफ.डी.आई. प्रवाह में भारी वृद्धि होगी।

**(B)** ऑनलाइन भुगतान के लिए मोबाइल वॉलेट की जरूरत नहीं होगी।

**(C)** गरीबों को सब्सिडी का सीधा हस्तांतरण बहुत कारगर होगा।

**(D)** लगभग दो दशकों में डिजिटल मुद्रा पूरी तरह से भौतिक मुद्रा की जगह ले लेगी।

**75.** Inequality of Income can be measured by –

(i) Lorenz Curve
(ii) Gini Coefficient
(iii) Poverty Line
(iv) Relative Poverty

Choose the correct option -

**(A)** only (i) **(B)** only (i), (ii) and (iii)

**(C)** only (i), (ii) and (iv) **(D)** only (ii), (iii) and (iv)

**75.** आय की असमानता को मापा जा सकता है –

(i) लोरेन्ज़ वक्र
(ii) गिनी गुणांक
(iii) गरीबी रेखा
(iv) सापेक्ष गरीबी

सही विकल्प चुनें –

**(A)** केवल (i) **(B)** केवल (i), (ii) और (iii)

**(C)** केवल (i), (ii) और (iv) **(D)** केवल (ii), (iii) और (iv)

**76.** Yellow revolution is not related to which of the following?

**(A)** Sesame **(B)** Mustard

**(C)** Gram **(D)** Edible oil

**76.** निम्न में से पीली क्रांति किससे सम्बंधित नहीं है?

**(A)** तिल **(B)** सरसों

**(C)** चना **(D)** खाद्य तेल

**77.** Which one of the following state is the first state to impose Agricultural Income Tax in India?

**(A)** Madhya Pradesh **(B)** Maharashtra

**(C)** West Bengal **(D)** Bihar

**77.** निम्नलिखित में से कौन सा राज्य भारत में कृषि आयकर लगाने वाला पहला राज्य है?

**(A)** मध्यप्रदेश **(B)** महाराष्ट्र

**(C)** पश्चिम बंगाल **(D)** बिहार

**78.** Which of the following taxes fall under the State List of Indian Constitution?

(i) Stamp Duty

(ii) Custom Duty

(iii) Luxury Tax

(iv) Entertainment Tax

Select the answer using the code given below -

**(A)** (iii) and (iv) **(B)** (i), (ii) and (iii)

**(C)** (i) and (iv) **(D)** (ii), (iii) and (iv)

**79.** Which one of the following is not considered to be the three phases of e-commerce?

**(A)** Reinvention **(B)** Preservation

**(C)** Globalization **(D)** Commercialization

**80.** The 15th Finance Commission has recommended that the vertical share of the states be kept at -

**(A)** 41% from 2021-22 to 2025-26

**(B)** 42% from 2020-21 to 2024-25

**(C)** 40% from 2018-19 to 2022-23

**(D)** 43% from 2017-18 to 2021-22

**81.** National Food Security Mission (NFSM) on wheat and pulses was launched in Rajasthan in the year -

**(A)** 2006 – 07 **(B)** 2007 – 08

**(C)** 2008 – 09 **(D)** 2009 – 10

**82.** Match the following and select the correct answer from the code given below –

**List – I**
**Industry**

(1) Rajasthan State Chemical Works

(2) Hitech Glass Factory

(3) Mewar Sugar Mill

(4) J.K. Cement Works

**List – II**
**Place**

(i) Didwana

(ii) Dholpur

(iii) Bhupalsagar

(iv) Nimbahera

**Code –**

**(A)** 1 - (ii), 2 - (i), 3 - (iii), 4 - (iv)

**(B)** 1 - (iv), 2 - (iii), 3 - (ii), 4 - (i)

**(C)** 1 - (i), 2 - (ii), 3 - (iii), 4 - (iv)

**(D)** 1 - (iv), 2 - (ii), 3 - (i), 4 - (iii)

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा कर भारतीय संविधान की राज्य सूची के अंतर्गत आता है?

(i) स्टाम्प शुल्क

(ii) कस्टम शुल्क

(iii) लग्ज़री टैक्स

(iv) मनोरंजन टैक्स

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए –

**(A)** (iii) और (iv) **(B)** (i), (ii) और (iii)

**(C)** (i) और (iv) **(D)** (ii), (iii) और (iv)

**79.** निम्नलिखित में से किसे ई–कॉमर्स के तीन चरण नहीं माना जाता है?

**(A)** पुनर्खोज **(B)** संरक्षण

**(C)** भू–मंडलीकरण **(D)** व्यावसायीकरण

**80.** 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की है कि राज्यों की वर्टिकल हिस्सेदारी –

**(A)** 2021-22 से 2025-26 तक 41% रखी जाए

**(B)** 2020-21 से 2024-25 तक 42% रखी जाए

**(C)** 2018-19 से 2022-23 तक 40% रखी जाए

**(D)** 2017-18 से 2021-22 तक 43% रखी जाए

**81.** गेहूँ एवं दलहन पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एन.एफ.एस.एम.) राजस्थान में किस वर्ष प्रारम्भ किया गया?

**(A)** 2006 – 07 में **(B)** 2007 – 08 में

**(C)** 2008 – 09 में **(D)** 2009 – 10 में

**82.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए –

**सूची – I**
**उद्योग**

(1) राजस्थान स्टेट केमिकल वर्क्स

(2) हाईटेक ग्लास फैक्टरी

(3) मेवाड़ शुगर मिल

(4) जे.के. सीमेण्ट वर्क्स

**सूची – II**
**स्थान**

(i) डीडवाना

(ii) धौलपुर

(iii) भूपालसागर

(iv) निम्बाहेड़ा

**कूट –**

**(A)** 1 - (ii), 2 - (i), 3 - (iii), 4 - (iv)

**(B)** 1 - (iv), 2 - (iii), 3 - (ii), 4 - (i)

**(C)** 1 - (i), 2 - (ii), 3 - (iii), 4 - (iv)

**(D)** 1 - (iv), 2 - (ii), 3 - (i), 4 - (iii)

**83.** Rajasthan Jan-Aadhaar Authority Act, 2020 has come into effect from -

**(A)** 18th December, 2019 **(B)** 3rd March, 2020

**(C)** 7th May, 2020 **(D)** 31th December, 2020

**84.** The correct pair of major mustard producing districts of Rajasthan is -

**(A)** Ajmer – Nagaur **(B)** Bikaner – Jaisalmer

**(C)** Alwar –Jaipur **(D)** Karauli – Sawai Madhopur

**85.** The percentage share of Agriculture in Gross State Value Added at constant (2011 – 12) prices of Rajasthan for the year 2021 – 22 (Advance estimates) is -

**(A)** 26.14% **(B)** 30.45%

**(C)** 26.34% **(D)** 28.85%

**86.** In the 'Jal Jeevan Mission Scheme', the fund sharing pattern of the centre and the state respectively for Rajasthan is -

**(A)** 75:25 **(B)** 50:50

**(C)** 25:75 **(D)** 80:20

**87.** In which year, Rajasthan's first Handicraft Policy released?

**(A)** 2019 **(B)** 2018

**(C)** 2022 **(D)** 2021

**88.** As per the Industrial Park Rating System (IPRS) Report 2.0, how many parks from Rajasthan are rated as 'Leader'?

**(A)** 11 **(B)** 14

**(C)** 17 **(D)** 20

**89.** Which one of the following (Irrigation Project – District) is not correctly matched?

**(A)** Panchna – Karauli **(B)** Mansi Wakal – Dungarpur

**(C)** Orai – Chittorgarh **(D)** Gudha – Bundi

**83.** राजस्थान जन–आधार प्राधिकरण अधिनियम, 2020 प्रभावी हुआ है –

**(A)** 18 दिसम्बर, 2019 से **(B)** 3 मार्च, 2020 से

**(C)** 7 मई, 2020 से **(D)** 31 दिसम्बर, 2020 से

**84.** राजस्थान में प्रमुख सरसों उत्पादक जिलों का सही युग्म है –

**(A)** अजमेर – नागौर **(B)** बीकानेर – जैसलमेर

**(C)** अलवर – जयपुर **(D)** करौली – सवाई माधोपुर

**85.** राजस्थान के सकल राज्य मूल्य वर्धन में आधार (2011 – 12) कीमतों पर वर्ष 2021 – 22 में (अग्रिम अनुमान) कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का.................... योगदान है।

**(A)** 26.14% **(B)** 30.45%

**(C)** 26.34% **(D)** 28.85%

**86.** राजस्थान के लिए 'जल जीवन मिशन योजना' में, केन्द्र तथा राज्य की सहभागिता क्रमशः है –

**(A)** 75:25 **(B)** 50:50

**(C)** 25:75 **(D)** 80:20

**87.** किस वर्ष में, राजस्थान की पहली हस्तशिल्प नीति जारी की गई?

**(A)** 2019 **(B)** 2018

**(C)** 2022 **(D)** 2021

**88.** इंडस्ट्रियल पार्क रेटिंग सिस्टम (IPRS) रिपोर्ट 2.0 के अनुसार, राजस्थान में कितने पार्कों को 'लीडर' के रूप में दर्जा दिया गया है?

**(A)** 11 **(B)** 14

**(C)** 17 **(D)** 20

**89.** निम्नलिखित में से कौनसा (सिंचाई परियोजना – जिला) सुमेलित नहीं है?

**(A)** पांचणा – करौली **(B)** मानसी वाकल – डूंगरपुर

**(C)** ओराई – चित्तौड़गढ़ **(D)** गुढ़ा – बूंदी

**90.** RIICO has developed four Agro Food Parks at –
(A) Bikaner, Jaisalmer, Kota, Dausa
(B) Dholpur, Alwar, Barmer, Ajmer
(C) Jodhpur, Kota, Alwar, Sri Ganganagar
(D) Ajmer, Kota, Jodhpur, Jaipur

**90.** रीको द्वारा चार एग्रो फूड पार्क विकसित किए गए हैं –
(A) बीकानेर, जैसलमेर, कोटा, दौसा में
(B) धौलपुर, अलवर, बाड़मेर, अजमेर में
(C) जोधपुर, कोटा, अलवर, श्रीगंगानगर में
(D) अजमेर, कोटा, जोधपुर, जयपुर में

**91.** Union Transport Minister Nitin Gadkari inaugurated and laid the foundation stone of 6 national highway projects worth 119 km worth ₹ 2300 crore in which state?
(A) Madhya Pradesh (B) Rajasthan
(C) Assam (D) Uttarakhand

**91.** केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किस राज्य में 2300 करोड़ ₹ की 119 किलोमीटर की 6 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया?
(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान
(C) असम (D) उत्तराखण्ड

**92.** Union Minister Mukhtar Abbas Naqvi inaugurated the 5th Global Film Tourism Conclave (GFTC) in which city in July 2022?
(A) Gujarat (B) Bangalore
(C) Mumbai (D) Jaipur

**92.** केन्द्रीय मंत्री मुख़्तार अब्बास नकवी ने किस शहर में जुलाई 2022 को पांचवें ग्लोबल फिल्म टूरिज़्म कॉन्क्लेव (GFTC) का उद्घाटन किया?
(A) गुजरात (B) बैंगलोर
(C) मुंबई (D) जयपुर

**93.** Which of the following countries is elected as non-permanent member in the UN Security Council (UNSC), for the year 2022-23?
(A) Ethiopia (B) Pakistan
(C) India (D) Gabon

**93.** वर्ष 2022-23 के लिए, निम्नलिखित में से कौनसे देश को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यू.एन.एस.सी.) में अस्थायी सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है?
(A) इथियोपिया (B) पाकिस्तान
(C) भारत (D) गैबॉन

**94.** Who is the Chairman of Sixth Finance Commission of Rajasthan?
(A) K.K. Goyal (B) Dr. Jyoti Kiran
(C) Pradhyuman Singh (D) Manik Chand Surana

**94.** राजस्थान के छठे वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) के.के. गोयल (B) डॉ. ज्योति किरण
(C) प्रद्युम्न सिंह (D) मानिक चन्द सुराणा

**95.** In the Budget 2021-22 of Rajasthan, up to what amount interest free loan was announced under Indira Gandhi Urban Credit Card Scheme?
(A) ₹ 20 thousand (B) ₹ 50 thousand
(C) ₹ 70 thousand (D) ₹ 1 lakh

**95.** राजस्थान के बजट 2021-22 में, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में कितनी राशि तक ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाने की घोषणा की गई?
(A) 20 हजार ₹ (B) 50 हजार ₹
(C) 70 हजार ₹ (D) 1 लाख ₹

96. The objective of the 'Captive Animal Sponsorship Scheme' is-
(A) Adoption of cows in gaushala to the general public, institution etc.
(B) Adoption of wildlife of biological parks to the general public, institution etc.
(C) Adoption of the wildlife of the sanctuary to the general public, institution etc.
(D) Adoption of the birds of birdhouse to the general public, institution etc.

96. 'कैप्टिव एनीमल स्पोन्सरशिप स्कीम' का उद्देश्य है –
(A) गौऊशाला में गायों को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(B) जैविक उद्यानों के वन्यजीव को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(C) अभ्यारण्य के वन्यजीव को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।
(D) पक्षीशाला के पक्षियों को आमजन, संस्था आदि को गोद देना।

97. In the travel list of Planet D 'The 16 Most Romantic Cities on Earth', which city of Rajasthan has been included in 2022?
(A) Dungarpur (B) Jaipur
(C) Udaipur (D) Jaisalmer

97. प्लेनेट डी की यात्रा सूची 'द 16 मोस्ट रोमांटिक सिटीज़ ऑन अर्थ' में, राजस्थान के किस शहर को 2022 में शामिल किया गया है?
(A) डूंगरपुर (B) जयपुर
(C) उदयपुर (D) जैसलमेर

98. In which city, DRDO launched testing evaluation facility on Sonar System of Indian Navy?
(A) Vizag (B) Port Blair
(C) Kochi (D) Thiruvananthapuram

98. डी.आर.डी.ओ. ने भारतीय नौसेना में सोनार प्रणाली के लिए परीक्षण मूल्यांकन सुविधा किस शहर में शुरू किया?
(A) विज़ाग (B) पोर्ट ब्लेयर
(C) कोच्चि (D) तिरुवनंतपुरम

99. Who among the following of Rajasthan has been honoured with the Pradhan Mantri Rashtriya Bal Puraskar in January, 2022?
(A) Kiran Sharma (B) Gauri Maheshwari
(C) Deepika Gupta (D) Namita Singh

99. राजस्थान की निम्नलिखित में से किसे जनवरी, 2022 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?
(A) किरण शर्मा (B) गौरी माहेश्वरी
(C) दीपिका गुप्ता (D) नमीता सिंह

100. What was the name of the cyclonic storm that came in Bay of Bengal, in May 2022?
(A) Tauktae (B) Gulab
(C) Asani (D) Fani

100. मई 2022 में, बंगाल की खाड़ी में आये चक्रवाती तूफान का नाम क्या था?
(A) ताउक्ते (B) गुलाब
(C) असानी (D) फानी

101. In a file system, a(n) .................. defines a path from the current directory.
(A) Root directory (B) Relative path name
(C) Virtual path name (D) Absolute path name

101. एक फाइल सिस्टम में, ........... वर्तमान निर्देशिका से पथ को परिभाषित करता है।
(A) रूट डायरेक्ट्री (B) रिलेटिव पाथ नेम
(C) वर्चुअल पाथ नेम (D) एब्सोल्यूट पाथ नेम

102. A set of rules that govern all aspects of information communication is called -
(A) Server (B) Internet
(C) Protocol (D) OSI model

102. सूचना संचार के सभी पहलुओं को नियंत्रित करने के लिये नियमों का समूह कहलाता है –
(A) सर्वर (B) इन्टरनेट
(C) प्रोटोकॉल (D) OSI मॉडल

103. Print quality of printer is given in ........... and printing speed is given in ..................
(A) Pages Per Minute (PPM), Dots Per Inch (DPI)
(B) Chromatic Number (CN), Rotations Per Minute (RDM)
(C) Dots Per Inch (DPI), Pages Per Minute (PPM)
(D) Dots Per Inch (DPI), Rotations Per Minute (RPM)

103. प्रिन्टर की प्रिन्ट गुणवत्ता को .............................. में तथा प्रिन्ट गति को ...................... में नापा जाता है।
(A) पेजिस पर मिनट (PPM), डॉट्स पर इंच (DPI)
(B) क्रोमेटिक नंबर (CN), रोटेशंस पर मिनट (RPM)
(C) डॉट्स पर इंच (DPI), पेजिस पर मिनट (PPM)
(D) डॉट्स पर इंच (DPI), रोटेशंस पर मिनट (RPM)

104. While working with MS-Word, which option is not available in file menu?
(A) Print preview (B) Save
(C) Header & Footer (D) Save as

104. एम.एस. वर्ड के साथ कार्य करते समय कौनसा विकल्प फाइल मेन्यू में उपलब्ध नहीं होता है?
(A) प्रिन्ट प्रिव्यू (B) सेव
(C) हैडर एंड फुटर (D) सेव एज़

105. In computer spreadsheet, which is true if current or active cell is B4 and you pressed Enter key?
(A) You will be in the cell A1 (B) You will be in the cell B5
(C) You will be in the cell B3 (D) You will be in the cell B6

105. एक कम्प्यूटर स्प्रेडशीट में, क्या सही है यदि वर्तमान या सक्रिय सेल B4 है और आपने एंटर की दबाई है?
(A) आप सेल A1 में होंगे (B) आप सेल B5 में होंगे
(C) आप सेल B3 में होंगे (D) आप सेल B6 में होंगे

106. Ethylene glycol is used -
(A) as food preservatives
(B) in making punctures of tubeless tyres
(C) in detergent manufacturing
(D) as antifreeze

106. ईथाइलीन ग्लाइकॉल का प्रयोग किया जाता है –
(A) खाद्य परिरक्षकों के रूप में
(B) ट्यूबलेस टायरों के पंचर बनाने में
(C) डिटरजेन्ट निर्माण में
(D) प्रतिहिम (एन्टीफ्रीज़) के रूप में

107. Which acid is present in Nettle sting?
(A) Tartaric acid (B) Oxalic acid
(C) Lactic acid (D) Methanoic acid

107. बिच्छु डंक में कौनसा अम्ल पाया जाता है?
(A) टार्टरिक अम्ल (B) औक्सालिक अम्ल
(C) लैक्टिक अम्ल (D) मैथेनोइक अम्ल

**108.** A sample of 0.1g of water at 100°C and normal pressure (1.013 x $10^5$ $Nm^{-2}$) requires 54 cal of heat energy to convert to steam at 100°C. If the volume of the steam produced is 167.1 cc, the change in internal energy of the sample is -

(A) 42.2 joule (B) 84.5 joule
(C) 208.7 joule (D) 104.3 joule

**108.** 100°C और प्राकृतिक दबाव (1.013 x $10^5$ $Nm^{-2}$) पर 0.1 ग्राम पानी के नमूने को 100°C पर भाप में बदलने के लिए 54 कैलोरी ऊष्मा ऊर्जा की आवश्यकता होती है। यदि उत्पादित भाप का आयतन 167.1 cc है, तो नमूने की आंतरिक ऊर्जा में परिवर्तन है –

(A) 42.2 जूल (B) 84.5 जूल
(C) 208.7 जूल (D) 104.3 जूल

**109.** Immunosuppressants such as.............., prevent transplanted organs from being rejected in recipients.

(A) Cyclosporine (B) Calcitonin
(C) Thrombin (D) Aspirin

**109.** इम्यूनोसप्रेसेंट ..................................., प्रतिरोपित अंगों को प्राप्तकर्ताओं में अस्वीकृत होने से रोकते हैं।

(A) साइक्लोस्पोरिन (B) कैल्सीटोनिन
(C) थ्रोम्बिन (D) एस्पिरिन

**110.** Name the only combat ready fifth-generation fighter -

(A) Lockheed Martin F-22 Raptor
(B) Sukhoi PAK FA
(C) Chengdu J-20
(D) Lockheed Martin American F-35 Lightning II

**110.** युद्ध के लिए तैयार पाँचवीं पीढ़ी का एकमात्र लड़ाकू है –

(A) लॉकहीड मार्टिन F-22 रैप्टर
(B) सुखोई PAK FA
(C) चेंगडू J-20
(D) लॉकहीड मार्टिन अमेरिकन F-35 लाइटनिंग II

**111.** In the following reaction, identify the salt formed –

$NH_4OH$ (aq) + $H_2SO_4$ (aq)→ .................+ $2H_2O$(l)

(A) $(NH_4)_2S$ (B) $(NH_4)_3SO_4$
(C) $NH_4NO_3$ (D) $(NH_4)_2SO_4$

**111.** निम्नलिखित अभिक्रिया में, बनने वाले लवण की पहचान कीजिए –

$NH_4OH$ (aq) + $H_2SO_4$ (aq)→ .................+ $2H_2O$(l)

(A) $(NH_4)_2S$ (B) $(NH_4)_3SO_4$
(C) $NH_4NO_3$ (D) $(NH_4)_2SO_4$

**112.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the code given –

**List – I**
(1) Natural polymers
(2) Thermosetting polymers
(3) Protein
(4) Thermoplastic polymers

**List – II**
(a) Bakelite
(b) Polymer of amino acids
(c) P.V.C.
(d) Starch and cellulose

Code -

(A) 1-d, 2-b, 3-a, 4-c (B) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c
(C) 1-d, 2-b, 3-c, 4-a (D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

**112.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए व दिए गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए –

**सूची – I**
(1) प्राकृतिक बहुलक
(2) तापदृढ़ बहुलक
(3) प्रोटीन
(4) तापसुघट्य बहुलक

**सूची – II**
(a) बेकेलाइट
(b) अमीनो अम्लों का बहुलक
(c) पी.वी.सी.
(d) स्टार्च एवं सेल्युलोज़

कूट –

(A) 1-d, 2-b, 3-a, 4-c (B) 1-d, 2-a, 3-b, 4-c
(C) 1-d, 2-b, 3-c, 4-a (D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

**113.** Common bacteria used is genetic engineering is -

(A) E. Coli (B) Spirillum
(C) Rhizobium (D) Diplococcus

**113.** जेनेटिक इंजीनियरिंग में प्रयुक्त होने वाला सामान्य जीवाणु है –

(A) ई. कोलाई (B) स्पाइरिलम
(C) राइज़ोबियम (D) डिप्लोकोकस

GET IT ON Google Play

114. Which of the following statement is true about Ozone?

(A) Conversion of Ozone to oxygen is an endothermic reaction.

(B) Ozone is a triatomic linear molecule.

(C) Ozone has two double bonds.

(D) Low level ozone (or tropospheric ozone) is an atmospheric pollutant.

115. Which salt is used to remove the permanent hardness of water?

(A) $CaOCl_2$ (B) $NaHCO_3$

(C) $NaCO_3 . 10 H_2O$ (D) $CaSO_4 . 2H_2O$

116. The population of a town is 6000. If the number of males increase by 8% and the number of females increase by 10%, the population will be 6500. Find the number of females in the town -

(A) 1000 (B) 1200

(C) 1100 (D) 1300

117. There are four numbers. Average of the first three numbers is 15 and average of the last three numbers is 16. If the last number is 19, the first number is equal to -

(A) 14 (B) 15


(C) 16 (D) 17



118. If ratio of area of two equilateral triangles is 36:25, then ratio of their perimeters will be -



(A) 6:5 (B) 12:5

(C) 25:16 (D) 36:25

119. Choose the water image of the given figure –



(A)  (B) 

(C)  (D) 

114. ओज़ोन के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

(A) ओज़ोन से ऑक्सीजन का निर्माण एक ऊष्माशोषी प्रक्रिया है।

(B) ओज़ोन एक त्रिपरमाण्विक रेखीय अणु है।

(C) ओज़ोन में दो द्विबन्ध होते हैं।

(D) ओज़ोन का निम्न स्तर (मात्रा) (या क्षोभमण्डलीय ओज़ोन) वायुमण्लीय प्रदूषक है।

115. पानी की स्थाई कठोरता को दूर करने के लिए किस लवण का उपयोग किया जाता है?

(A) $CaOCl_2$ (B) $NaHCO_3$

(C) $NaCO_3 . 10 H_2O$ (D) $CaSO_4 . 2H_2O$

116. एक कस्बे की जनसंख्या 6000 है। यदि पुरुषों की संख्या में 8% की वृद्धि होती है और महिलाओं की संख्या में 10% की वृद्धि होती है, तो जनसंख्या 6500 हो जाएगी। कस्बे में महिलाओं की संख्या ज्ञात कीजिए –

(A) 1000 (B) 1200

(C) 1100 (D) 1300

117. चार संख्याएं दी गई हैं। प्रथम तीन संख्याओं का औसत 15 है और अंतिम तीन संख्याओं का औसत 16 है। यदि अंतिम संख्या 19 है, तो प्रथम संख्या बराबर है –

(A) 14 (B) 15


(C) 16 (D) 17



118. दो समबाहु त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 36:25 है, तो इसके परिमाप का अनुपात होगा –



(A) 6:5 (B) 12:5

(C) 25:16 (D) 36:25

119. दिए गए चित्र का पानी में प्रतिबिंब चुनिए –



(A)  (B) 

(C)  (D) 

**120.** If 9 + 7 = 58 and 3 + 11 = 124, then 13 + 5 is equal to -

**(A)** 38 **(B)** 65
**(C)** 31 **(D)** 36



**121.** At simple interest, an amount becomes ₹ 1120 in 4 years and ₹ 1200 in 5 years. The principal amount is equal to -



**(A)** ₹ 800 **(B)** ₹ 850
**(C)** ₹ 750 **(D)** ₹ 900

**122.** An amount ₹ 3550 is divided into X, Y and Z such that three times of X's share is equal to 5 times of Y's share and 7 times of Z's share. X's share is equal to -


**(A)** ₹ 1050 **(B)** ₹ 750
**(C)** ₹ 1750 **(D)** ₹ 1250

**123.** Which one of the following diagrams correctly represents the relationship among Cricket players, Tennis fans, Students?

**(A)**  **(B)** 



**(C)**  **(D)** 



**124.** Which answer figure follows the question figure?



(1) (2) (3) (4)

Answer figures –

**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

**125.** Find the missing term in the following figure -

| | | |
|---|---|---|
| 3C | 2B | 4A |
| 27A | ? | 64B |
| 9C | 4A | 16B |

**(A)** 8B **(B)** 125C
**(C)** 8C **(D)** 125B

**120.** यदि 9 + 7 = 58 और 3 + 11 = 124, तो 13 + 5 बराबर है –

**(A)** 38 **(B)** 65
**(C)** 31 **(D)** 36



**121.** सरल ब्याज पर एक राशि 4 वर्ष में 1120 ₹ और 5 वर्ष में 1200 ₹ हो जाती है। मूलधन बराबर है –



**(A)** 800 ₹ **(B)** 850 ₹
**(C)** 750 ₹ **(D)** 900 ₹

**122.** एक राशि 3550 ₹, X, Y और Z में इस प्रकार विभाजित की जाती है कि X के हिस्से का तीन गुना, Y के हिस्से के पांच गुना और Z के हिस्से के सात गुना के बराबर है। X का हिस्सा बराबर है –


**(A)** 1050 ₹ **(B)** 750 ₹
**(C)** 1750 ₹ **(D)** 1250 ₹

**123.** निम्न चित्रों में से कौन सा चित्र क्रिकेट खिलाड़ियों, टेनिस प्रशंसकों और विद्यार्थियों के बीच संबंधों को सही प्रकार से प्रदर्शित करता है?

**(A)**  **(B)** 



**(C)**  **(D)** 



**124.** कौन–सी उत्तर आकृति प्रश्न आकृति के बाद आएगी?



(1) (2) (3) (4)

उत्तर आकृतियां –

**(A)**  **(B)** 

**(C)**  **(D)** 

**125.** निम्न चित्र में लुप्त पद ज्ञात कीजिये –

| | | |
|---|---|---|
| 3C | 2B | 4A |
| 27A | ? | 64B |
| 9C | 4A | 16B |

**(A)** 8B **(B)** 125C
**(C)** 8C **(D)** 125B

**126.** Anita is wife of Bhavesh and Chanchal is sister of Anita. Dinesh is father of Chanchal, while Ramesh is son of Dinesh. How is Ramesh related to Bhavesh?

**(A)** Uncle **(B)** Father – in – law

**(C)** Brother – in – law **(D)** Brother

**127.** Five students A, B, C, D and E are sitting in a row. D is on the right of E. B is on the left of E but is on the right of A. D is on the left of C. Who is sitting on the extreme left?

**(A)** B **(B)** E

**(C)** C **(D)** A

**128.** What will come in place of (–)?

1, 4, 3, 8, 7, 12, –, 16, 21

**(A)** 13 **(B)** 19

**(C)** 14 **(D)** 15

**129.** **Statement -** A man must be wise to be a good wrangler. Good wranglers are talkative and boring.

**Conclusions -** I. All the wise persons are boring.

II. All the wise persons are good wranglers.

**(A)** Only conclusion II follows

**(B)** Only conclusion I follows

**(C)** Neither I nor II follow

**(D)** Both I and II follows

**130.** In a certain code language, if the word 'GOD' is coded as 78 and the word 'GREAT' is coded as 255, then how is the word 'GIFT' coded in that language?

**(A)** 212 **(B)** 194

**(C)** 182 **(D)** 168

**126.** अनीता, भावेश की पत्नी व चंचल, अनीता की बहन है। दिनेश चंचल का पिता है, जबकि रमेश, दिनेश का पुत्र है। रमेश का भावेश से क्या संबंध है?

**(A)** चाचा **(B)** ससुर

**(C)** साला **(D)** भाई

**127.** पांच विद्यार्थी A, B, C, D और E एक पंक्ति में बैठे हैं। D, E के दाईं ओर है, B, E के बाईं ओर है लेकिन A के दायीं ओर है। D, C के बायीं ओर है। सबसे बाईं ओर कौन बैठा है?

**(A)** B **(B)** E

**(C)** C **(D)** A

**128.** (–) के स्थान पर क्या आएगा?

1, 4, 3, 8, 7, 12, –, 16, 21

**(A)** 13 **(B)** 19

**(C)** 14 **(D)** 15

**129.** **कथन –** एक अच्छा झगड़ालू बनने के लिए एक आदमी को बुद्धिमान होना चाहिए। अच्छे झगड़ालू बातूनी और उबाऊ होते हैं।

**निष्कर्ष –** I. सभी बुद्धिमान व्यक्ति उबाऊ होते हैं।

II. सभी बुद्धिमान व्यक्ति अच्छे झगड़ालू होते हैं।

**(A)** केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**(B)** केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

**(C)** न तो I और ना ही II अनुसरण करता है

**(D)** I और II दोनों अनुसरण करते हैं

**130.** किसी कूट भाषा में यदि 'GOD' शब्द का कूट 78 तथा 'GREAT' शब्द का कूट 255 है, तो शब्द 'GIFT' का कूट उस भाषा में होगा –

**(A)** 212 **(B)** 194

**(C)** 182 **(D)** 168

Adda247 GET IT ON Google Play

**131.** संधि विषयक संगत विकल्प का चयन कीजिए –

(A) वी + इक्षण = वीक्षण
(B) वधू + उक्ति = वधुक्ति
(C) अभि + आगत = अभयागत
(D) मातृ + उपदेश = मात्रुपदेश

**132.** असंगत विकल्प चुनिए –

(A) ब – ओष्ठ्य, घोष, अल्पप्राण
(B) य – तालव्य, अल्पप्राण, घोष
(C) ष – अल्पप्राण, मूर्धन्य, अघोष
(D) ई – अग्र, संवृत्त, अवृत्तमुखी

**133.** 'जिसका पालन दूसरे ने किया हो' उक्त वाक्यांश के लिए उचित एक शब्द चुनिए –

(A) परभृत
(B) निरुपम
(C) फगुआ
(D) परोक्ष

**134.** अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

(A) मेरा स्वास्थ्य ठीक है।
(B) इस समय मेरी आयु 40 वर्ष है।
(C) चूनर ओढ़ कर आओ।
(D) पुस्तक में चिन्ह मत लगाओ।

**135.** कौनसा शब्द कर्मधारय समास का उदाहरण नहीं है?

(A) तीव्रवेग
(B) शुभावसर
(C) सदाचार
(D) आत्ममग्न

**136.** किसी के कथन को उद्धृत करते समय किस विराम चिन्ह का प्रयोग किया जाता है?

(A) निर्देशन चिन्ह
(B) विस्मयादिबोधक चिन्ह
(C) प्रश्नवाचक चिन्ह
(D) अवतरण चिन्ह

**137.** 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) न दिखाई पड़ना
(B) कभी–कभी दिखना
(C) रोज–रोज दिखना
(D) भ्रम पैदा कर देना

**138.** असंगत विकल्प का चयन कीजिए –

(A) वह बार–बार चीखता है। – कालवाचक क्रियाविशेषण
(B) राम ऊपर कमरे में है। – स्थानवाचक क्रियाविशेषण
(C) रमा तेज दौड़ती है। – रीतिवाचक क्रियाविशेषण
(D) वह आया और मैं गया। – कारणार्थक क्रियाविशेषण

**139.** शुद्ध शब्दों का युग्म है –

(A) मिष्टान्न व मैथिलीशरण
(B) मिष्टान व मैथिलीशरण
(C) मिष्ठान्न व मैथिलीशरण
(D) मिष्ठान व मैथलीशरण

**140.** किस विकल्प में 'निजवाचक' सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है?

(A) मैं आप ही चला जाऊँगा।
(B) श्याम अपना खाना खुद बना लेता है।
(C) मैं यह कार्य अपने आप कर लूँगा।
(D) आप कहेंगे तो ही बैठूँगा।

Adda247 GET IT ON Google Play

**Direction (141 to 143) :** Read the passage carefully and answer the following questions –

There is no field of human endeavour that has been so misunderstood as health. While health which connotes well- being and absence of illness has a low profile, it is illness representing the failure of health which virtually monopolizes attention because of the fear of pain, disability and death.

Till recently, patients had implicit faith in their physician whom they loved and respected, not only for his knowledge but also in the total belief that practitioners of this noble profession, guided by ethics, always placed the patient's interest above all other considerations. This rich interpersonal relationship between the physician, patient and family has, barring a few exceptions, prevailed till the recent past, for caring was considered as important as curing. Our indigenous system of medicine like Ayurveda and Yoga have been more concerned with the promotion of the health of both the body and mind and with maintaining a harmonious relationship not just with fellow-beings but with nature itself, of which man is an integral part.

**141.** Choose the word which is most opposite in meaning of the word 'concerned' as used in the passage.

**(A)** indifferent **(B)** anxious

**(C)** solicitous **(D)** pertained

**142.** Choose the word which is most nearly the same in meaning to the word 'connotes' used in the passage.

**(A)** liberates **(B)** unfollows

**(C)** except **(D)** implies

**143.** In India traditionally the doctors were being guided mainly by which of the following?

**(A)** Power over patient **(B)** Professional ethics

**(C)** High technology **(D)** Western concept of life

**144.** Choose the correct English translation of the given sentence –
मेरे पिता ने कल मेरे लिए एक जोड़ी जूते खरीदे।

**(A)** My father got a pair of shoes for me yesterday.

**(B)** My father brought me a pair of shoes yesterday.

**(C)** My father bought me a pair of shoes yesterday.

**(D)** My father bring for me a pair of shoe yesterday.

145. Choose the alternative which best expresses the meaning of the Idiom/Phrase "Steal someone's thunder" –

(A) To take credit for something which someone else did
(B) To steal the peace of mind by constant nagging
(C) A useless attempt
(D) To bring down a person who is acting smart

146. Give one word substitute for –
'Bare minimum needed for survival'

(A) sustenance
(B) subsistence
(C) sustainable
(D) supplement

147. Choose the one which best expresses the meaning of the given word? (Effuse)

(A) Absorb
(B) Transfer
(C) Augment
(D) Emanate

148. Match the following –

| (A) Sentences | (B) Articles |
|---|---|
| (i) We will go to Calcutta by ................. Rajdhani Express. | (a) a |
| (ii) The child was happy to see .................. aeroplane. | (b) no article |
| (iii) He has gone for .................................. holiday. | (c) an |
| (iv) .................. milk is good for health. | (d) the |

(A) (i)-(c), (ii)-(d), (iii)-(a), (iv)-(b)
(B) (i)-(d), (ii)-(a), (iii)-(b), (iv)-(c)
(C) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(a), (iv)-(b)
(D) (i)- (b), (ii)-(c), (iii)- (d), (iv)-(a)

149. Choose the correct answer from the given options –

Why did they pull down the building? (Change the voice)

(A) Why had been the building pulled down?
(B) Why did the building been pulled down?
(C) Why is the building been pulled down?
(D) Why was the building pulled down?

150. Choose the correct answer from the given options –

Ravi said, "I will bring the book tomorrow." (Change into Indirect Speech)

(A) Ravi informed that he would bring the book the next day.
(B) Ravi informed that he will bring the book tomorrow.
(C) Ravi informed that he would bring the book tomorrow.
(D) Ravi ordered that he would bring the book the next day.

-----------------------------------

Adda247
GET IT ON Google Play

**Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

Adda247

उत्तर पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और द्वितीय प्रति, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर पत्रक के दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं द्वितीय प्रति को अलग नहीं करें। वीक्षक द्वारा उत्तर पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, द्वितीय प्रति को मूल प्रति से कट लाईन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौपेंगे। परीक्षार्थी द्वितीय प्रति को अपने साथ ले जायें।